GREEN LAWNS HIGH SCHOOL

FINAL EXAMINATION YEAR 2021- 2022

SUB : HINDI — CLASS : IX

DATE :24/2/22 — MARKS : 40

TIME : 1 HR 30 MIN

प्र 1) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए - (10)

i) आत्मनिर्भर भारत हर भारतीय का सपना है। इस सपने को पूरा करने के लिए विद्यार्थियों का योगदान कितना है ? सरकार का इस क्षेत्र में योगदान है ? अपने लिखिए।

ii) अंधविश्वास एक अभिशाप की तरह हमारी भारतीय सभ्यता को खोखला करता जा रहा है। इसे जड़ से खत्म कैसे किया जा सकता है ? इस पर अपने विचार लिखिए।

iii) भूमि प्रदूषण क्या है ? ' प्लास्टिक या पॉलीथिन ' प्रदूषण की मात्रा को और अधिक किस प्रकार से बढ़ा रहा हैं ? इसे कैसे रोका जा सकता है ?इस पर एक संक्षिप्त प्रस्ताव लिखिए।

प्र 2) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए - (7)

i) जमाखोरी का सबसे बड़ा नुकसान यह है कि इससे वस्तुओं के मूल्य आसमान छूने लगते हैं। जमाखोरी की दुष्प्रवृत्ती पर चिंता प्रकट करते हुए किसी समाचार पत्र के संपादक के नाम पत्र लिखिए।

ii) मोटरसाइकिल सुविधा के लिए है - तेज चलाने, करतब दिखाने के लिए नहीं। यह समझाते हुए अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए।

प्र 3) निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तन कीजिए - (3)

i) उन्होंने एक मधुर आवाज सुनी।

('उनको' से वाक्य शुरू कीजिए)

ii) मुझे ईश्वर पर आत्मविश्वास है।

(वाक्य शुद्ध कीजिए)

iii) जी हाँ, युवक सच कह रहा है।

('नहीं' का प्रयोग कीजिए परंतु अर्थ न बदले)

प्र 4) निम्नलिखित पद्यांश को पढ़िये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

क्षितिज अटारी गहराई दामिनी दमकी,

'क्षमा करो गाँठ खुल गई भ्रम की '।

'बाँध टूटा झर – झर मिलन के अश्रु ढरके।

मेघ आए बड़े बन - ठन के सँवर के।

i) क्षितिज कैसा लग रहा है ? उसे अटारी क्यों कहा गया है ? [2]

ii) कवि ने ऐसा क्यों कहा है कि ' गाँठ खुल गई भ्रम की ' ? [2]

iii)'बाँध टूटा झर – झर मिलन के अश्रु ढरके ' से क्या तात्पर्य है ? [3]

iv) शब्दार्थ ; [3]

1) क्षितिज 2) अटारी 3) दामिनी 4) भ्रम 5) अश्रु 6) मेघ

प्र 5) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़िये और उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में लिखिए।

" उन्हें कदाचित ही क्रोध आता था, पर स्त्रियों के आँसू पुरुषों की क्रोधाग्नि भड़काने में घी का काम देते है।

i) प्रस्तुत पंक्तियों में किस व्यक्ति के बारे में कहा गया है ? उनके स्वभाव की अन्य विशेषताएं क्या थीं ? [2]

ii) उनकी पत्नी का क्या नाम था ? उसके साथ कौन सी घटना घटी थी , जिसे सुनाते समय वह रो पड़ी। [2]

iii) अगले दिन उस व्यक्ति ने अपने पिता से क्या कहा ? स्पष्ट कीजिए। [3]

iv) उसकी बात सुनकर उसके पिता क्यों घबरा उठे ? उन्होंने स्त्रियों के संबंध में कौन सी बात कही ? [3]